प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

अध्यक्ष / सचिव / प्रबंधक,
डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम,
हेतु नव–स्थापित होने वाली संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप / परिषद / 2023 / 3680 लखनऊःदिनांक– 28.8.2023

विषयः–सत्र 2023–24 के लिए डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम हेतु नवआवेदित संस्थाओं को परिषद से सम्बद्धता प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया (पी0सी0आई0), नई दिल्ली द्वारा सत्र 2023–24 हेतु नवस्थापित होने वाली डिप्लोमा इन फार्मेसी संस्थाओं को प्रदत्त अनुमोदन के अनुक्रम में सम्बद्धता की कार्यवाही परिषद द्वारा पूर्ण की जानी है। सूच्य है कि सत्र 2023–24 हेतु पी0सी0आई0 द्वारा कतिपय संस्थानों को प्रदान किये गये अनुमोदन की सूचना परिषद कार्यालय को ई0मेल0 के माध्यम से प्राप्त हुई है, ऐसे संस्थानों की स्कूटनी कर अर्ह संस्थानों को प्रथम चरण में परिषद से सम्बद्धता प्रदान किये जाने पर विचार किया जाएगा।

यह भी अवगत कराना है कि पी0सी0आई0 द्वारा दिनांक 25–8–2023 को सत्र 2023–24 हेतु अभी तक डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम हेतु अनुमोदन/अनुमोदन विस्तार प्रदान किये गये संस्थानों की सूची परिषद कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी है, जिसका परीक्षण परिषद स्तर पर प्रचलित है। परीक्षण उपरांत अर्ह संस्थानों को शीघ्र ही द्वितीय चरण में सत्र 2023–24 हेतु परिषद से सम्बद्धता प्रदान किये जाने की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी।

उक्त के दृष्टिगत सत्र 2023–24 हेतु समस्त नवस्थापित डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम संचालित करने वाली निजी क्षेत्र की संस्थानों को परिषद से सम्बद्धता प्रदान किये जाने के क्रम में **दिनांक 29–8–2023 से दिनांक 02–09–2023** के मध्य **यूराईज पोर्टल** के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

नव–स्थापित संस्थाओं द्वारा यू0राईज पोर्टल पर दिये गये लिंक https://urise.up.gov.in/affiliationsignup के माध्यम से रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। रजिस्ट्रेशन उपरांत संस्थाओं को पंजीकृत ई0मेल0 पर लॉगिन पासवर्ड उपलब्ध कराया जायेगा। तत्पश्चात् https://urise.up.gov.in/affiliation/ affiliationinic लिंक के माध्यम से संस्थान द्वारा लॉगिन किया जाएगा। लॉगिन किये जाने के पश्चात् संस्था संबंधी समस्त सूचनाओं की त्रुटिरहित प्रविष्टि कर आवेदन पत्र submit किया जाएगा। साथ ही पी0सी0आई0 द्वारा निर्गत अनुमोदन पत्र की स्पष्ट एवं प्रमाणित प्रति (pdf format) व संलग्न प्रारूप "अ" एवं "ब" पर रू0 100/– का स्टाम्प पेपर का शपथ पत्र दिये गये लिंक के माध्यम से अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। उपरोक्त निर्धारित तिथि **02 सितम्बर 2023** तक ही आवेदन स्वीकार किये जाएंगे। यह भी अवगत कराना है कि इस संबंध में ऑनलाइन माध्यम के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

उपरोक्त निर्धारित तिथि **02 सितम्बर 2023** तक आवेदन करने के उपरांत संस्था द्वारा यू–राईज पोर्टल पर किये गये आवेदन पत्र की प्रमाणित प्रति (अनुमोदन पत्र सहित) एवं मूल शपथपत्र परिषद कार्यालय में अनिवार्य रूप से **दिनांक 04 सितम्बर 2023** तक जमा किया जायेगा। निरीक्षण शुल्क के संबंध में पृथक से सूचना प्रेषित की जाएगी। निरीक्षण शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा।

उपरोक्त तिथि तक आवेदन न किये जाने एवं वांछित अभिलेख परिषद कार्यालय को जमा न किये जाने की स्थिति में सत्र 2023–24 हेतु परिषद से सम्बद्धता प्रदान नहीं किया जाएगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित संस्था का होगा।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप / परिषद / 2023 / 3681–85 तद्दिनांक– 28.8.2023

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के अवलोकनार्थ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
3. निदेशक, आई0आर0डी0टी0, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र।
5. नोडल अधिकारी, यू0राईज पोर्टल को उपरोक्तानुसार अग्रेतर कार्यवाही हेतु।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव